# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 28.11.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- ❖ **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन ।**
- ❖ **यातायात सड़क सुरक्षा माह व मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं, सहायता सेवाओं, साइबर अपराधों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर किया गया जागरुक ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज दिनांक 28.11.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज की अध्यक्षता में विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में एक व्यापक यातायात जागरूकता व मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उपस्थित छात्र/छात्राओं व शिक्षकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव आदि के साथ-साथ सम्बन्धित विभिन्न कानूनों एवं सहायता नम्बरों आदि बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।जिसमें छात्र/छात्राओं को बताया गया कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है, बल्कि यह मानव जीवन सुरक्षा से जुड़ा एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है इसलिए वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का न करने तथा नशे की हालत में ड्राइविंग न करने, सड़क पर निर्धारित स्पीड का पालन करने, वाहन के वैध और आवश्यक दस्तावेज साथ रखने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रुप से करने की जानकारी देकर सभी यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया साथ ही अन्य लोगों को जागरुक करने हेतु प्रेरित भी किया गया तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई । साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करते हुए वर्तमान में आधुनिक तरीकों से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ओटीपी फ्रॉड जिसमें कॉल या मैसेज के ज़रिए उपयोगकर्ताओं से ओटीपी लेकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर करना । यूपीआई स्कैम (UPI Scam), सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी कॉल्स, आदि प्रकार के साइबर अपराधों के बारें में जानकारी देकर जागरूक किया गया साथ ही साइबर अपराध/ठगी का शिकार होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, साइबर क्राइम पोर्टल (www.cybercrime.gov.in) या साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई । जागरूकता कार्यक्रम में पीटीओ राम सुमेर यादव,मंडलीय मास्टर ट्रेनर पीयूष मिश्रा,यातायात प्रभारी संजय मिश्रा, सदस्य जिला सड़क सुरक्षा समन्वयक समिति सुनील सक्सेना आदि ने यातायात सुरक्षा संबंधी जागरूकता के विषय में अपने अपने विचार मंच के माध्यम से व्यक्त किए। कार्यक्रम में विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल के समस्त स्टॉफ मौजूद रहा ।